बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 219 ● नई दिल्ली ● बुधवार 17 जून 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### वैकेशन में कम हुई इलेक्ट्रिक डबल-डेकर टूरिस्ट बस के टिकट की कीमत, इतने हजार यात्रियों ने किया सफर

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार की इलेक्ट्रिक डबल-डेकर पर्यटक बस को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया के बीच पर्यटन विभाग ने गर्मी के मौसम में टिकट की कीमतें कम कर दी हैं. लॉन्च के बाद से अब तक यह बस 1,540 से अधिक यात्रियों को राजधानी के प्रमुख स्थलों की सैर करा चुकी है. अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वयस्कों का टिकट 500 रुपये से घटाकर 300 रुपये और बच्चों का टिकट 300 रुपये से घटाकर 200 रुपये कर दिया गया है. विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस ऑफर का जवाब काफी उत्साहजनक रहा है, खासकर वीकेंड पर सवारियां बढ़ी हैं. 28 फरवरी को शुरू हुई सेवा के पहले महीने में करीब 800 यात्री आए, तीन महीनों में यह संख्या 1,200 को पार कर गई.

## दिल्ली-एनसीआर में आज फिर बारिश, गर्मी से मिली राहत; कैसे रहेगा एक सप्ताह तक मौसम?

नई दिल्ली ।

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जूझ रहे दिल्ली-एनसीआर के लोगों को आखिरकार सोमवार दोपहर से राहत मिलनी शुरू हुई। नोएडा गुरुग्राम, राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम को पूरी तरह से सुहावना बना दिया है। इस बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को चिलचिलाती धूप से निजात मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह तक प्री मानसून की बारिश की संभावना नहीं है, ऐसे में 21 जून तक तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। यह सामान्य से .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, सुबह से ही कड़ी धूप ने राजधानीवासियों को परेशान किया।



दोपहर में मौसम ने करवट ली और बादल छा गए। इस दौरान लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। आंधी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली और तापमान में कमी आई। दोपहर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आई। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में अगले एक सप्ताह तक मौसम में अधिक बदलाव नहीं होगा। कहीं-कहीं हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी लेकिन, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होने से लोगों को गर्मी परेशान करेगी। 20 से 21 जून तक न्यूनतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। नोएडा में मंगलवार सुबह मौसम साफ रहा और तेज धूप देखने को मिली, लेकिन करीब 7 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं और आंधी के साथ शुरू हुई बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई बारिश का दौर कई क्षेत्रों में जारी रहा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई प्रमुख मार्गों और चौराहों पर ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला, जिससे कार्यालय जाने वाले लोगों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मौसम विभाग के अनुसार दिनभर रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भी बारिश और बादलों की आवाजाही का पूर्वानुमान जताया है। गुरुग्राम में हुई झमाझम बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के कई हिस्सों में, विशेष रूप से बस स्टैंड रोड पर, जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## राघव चड्ढा के बीजेपी में शामिल होने के बाद अरविंद केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया

नई दिल्ली ।

अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीजेपी में शामिल होने के बाद संभवत पहली बार प्रतिक्रिया दी. पणजी पणजी में जब वो मीडिया से बातचीत कर रहे थे इस दौरान उनसे इसको लेकर सवाल किया गया. इस पर उन्होंने बस इतना कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था. बीते अप्रैल महीने में आम आदमी पार्टी के 10 राज्यसभा सांसदों में से सात, जिनमें राघव चड्ढा भी शामिल थे, बीजेपी में शामिल हो गए. अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी में टूट पर भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ये दिखाता है कि भारतीय जनता पार्टी असल में एक अनैतिक पार्टी है. लोग किसी पार्टी को वोट देते हैं लेकिन बीजेपी या तो बहुत सारा पैसा देकर विधायकों को खरीद लेती है या फिर पार्टियों को तोड़ने के लिए ईडी को भेजती है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो महाराष्ट्र और बंगाल में हुआ ये हमारे लोकतंत्र के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है. ये लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है. उन्होंने कहा, बीजेपी जो कर रही है, राजनीतिक दलों को तोड़ रही है, विपक्ष को कमजोर कर रही है, ईडी और पैसों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ये लोकतंत्र के लिए बहुत घातक है. हर एक को इसके खिलाफ अपनी आवाज उठानी चाहिए, इसके आगे उन्होंने कहा, जो हो रहा है वो गलत है. लोगों ने तृणमूल कांग्रेस को वोट दिया और 28 या 29 सांसद चुने. क्योंकि उन्हें पार्टी पर भरोसा था. इसके बाद उनमें से 20-22 अलग हो गए और किसी पार्टी को समर्थन दे दिया, ये तो सरासर गलत है. गोवा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रमोत सावंत की सरकार को बिजली से जुड़ी आप की मांगों को लागू करना चाहिए. उन्होंने कहा कि गोवा के लोगों को भारी बिजली बिल भरना पड़ता है. ऐसे में यहां की सरकार को लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में देनी चाहिए और 15 जून 2026 तक के सारे बिल माफ कर देने चाहिए. उन्होंने दावा किया कि इन दो मांगों को पूरा करती है तो यहां की 76 फीसदी आबादी के बिजली बिल जीरो आने शुरू हो जाएंगे.

## 'ईडी पार्टी' लोकतंत्र पर कब्जा करना चाहती है, एजेंसी बीजेपी के इशारे पर काम कर रही है - संजय सिंह



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने 16 जून मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय पर तीखा हमला बोला. उन्होंने ईडी को 'ईडी पार्टी' करार देते हुए आरोप लगाया कि यह एजेंसी बीजेपी के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर राजनीतिक दलों पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है. संजय सिंह ने कहा, जैसा कि हम बार-बार कहते रहे है, इस देश में एक 'ईडी पार्टी' है, जिसकी पूरी जिंदगी ईडी पर टिकी है. यही ईडी पार्टी ईडी के जरिए पूरे देश में लोकतंत्र पर कब्जा करना चाहती है. उन्होंने आरोप लगाया कि इसी एजेंसी ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और उन्हें जेल भेजा. अब जब कुछ नहीं मिल रहा तो आप नेताओं को कायरतापूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है.

**दीपक सिंघला को निशाना बनाया जा रहा**

संजय सिंह ने कहा कि गोवा में आप के को-इन-चार्ज दीपक सिंघला को बिना वजह निशाना बनाया जा रहा है. 2014 में उनके रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज केस की जांच पूरी हो चुकी थी, चार्जशीट दाखिल हो गई और ट्रायल भी लगभग पूरा हो चुका है. इसके बावजूद उन पर लगातार रेड और गिरफ्तारियां हो रही हैं.

**ईडी राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार**

सिंह ने अशोक मित्तल के यहां श्च्छ की रेड का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें ले जाने से पहले परिसर को तोड़ दिया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी पार्टी और उसके प्रमुख बिना किसी ठोस वजह के आप नेताओं को परेशान कर रहे हैं. संजय सिंह ने कहा कि ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने और विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है. उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या श्च्छ केवल विपक्षी दलों के खिलाफ ही सक्रिय है?

## बार-बार पेपर लीक से नाराज प्रियंका गांधी, बोलीं- व्यवस्थागत सुधार की है तुरंत जरूरत

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने से प्रभावित छात्रों के प्रति एकजुटता जताई और सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से अपील की कि वे छात्रों और उनके परिवारों की मुश्किलों को समझें। 16 जून को इस मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी, जिनकी सार्वजनिक जिम्मेदारी है, हमें छात्रों के साथ खड़ा होना चाहिए और यह समझना चाहिए कि वे किस तरह की मुश्किलों और तकलीफ़ों से गुज़रे हैं। हर पेपर लीक हो जाता है। उनके माता-पिता उनके लिए कर्ज़ ले रहे हैं। गांधी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समस्या अलग-थलग नहीं है, बल्कि एक गहरी व्यवस्थागत समस्या का संकेत है जिस पर तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि एक गहरी व्यवस्थागत समस्या है, और हमें इसे मिलकर हल करना चाहिए। पेपर लीक कोई एक बार की समस्या नहीं है; यह बनी हुई है। हमें बदलाव लाने की ज़रूरत है। कांग्रेस नेता ने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, ताकि छात्रों का भरोसा बहाल हो सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि लगातार हो रही अनियमितताओं की वजह से उनकी मेहनत बेकार न जाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, युवाओं से जुड़े मुद्दों और कथित परीक्षा घोटालों के खिलाफ कांग्रेस के अभियान के तहत, पूरे भारत में बड़े छात्र सम्मेलनों की एक श्रृंखला का नेतृत्व करेंगे। इसकी शुरुआत 17 जून को कोटा से होगी। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने घोषणा की कि आगे के कार्यक्रम 10 जुलाई को इलाहबाद, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में छात्र, नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार, युवा संगठन और शिक्षक एक साथ आएंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी बड़े छात्र सम्मेलनों की एक सीरीज़ करेंगे, जिसकी शुरुआत कोटा (17 जून), इलाहबाद (10 जुलाई), पटना (11 जुलाई) और दिल्ली (14 जुलाई) से होगी। इन सम्मेलनों में छात्र, परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा, युवा संगठन, शिक्षक और वे सभी लोग शामिल होंगे जो परीक्षा से जुड़े घोटालों से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।



## दिल्ली के शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास फैक्ट्री में भीषण आग, पूरे इलाके में हड़कंप का माहौल

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के उत्तर-पश्चिम इलाके से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां केशवपुरम इलाके में स्थित शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार (16 जून 2026) को दोपहर में एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की खबर से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि समय रहते दमकल विभाग को सूचना दे दी गई जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि डीएफएस को दोपहर करीब एक बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि दोपहर ढाई बजे तक आग को बुझा दिया और अब स्थान को ठंडा करने का अभियान जारी है।

## गंदे पानी ने बढ़ाई बीमारी की चिंता, पेयजल संकट गहराया, व्यवस्था सुधारने की उठी मांग

नई दिल्ली । दिल्ली में भीषण गर्मी के साथ पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। उत्तम नगर, नजफगढ़, द्वारका में समेत कई इलाकों में लोगों को या तो समय पर पानी नहीं मिल रहा है या फिर जो पानी उपलब्ध हो रहा है, वह इतना गंदा और बदबूदार है कि उसका घर में उपयोग करना मुश्किल है। दूषित पानी की शिकायतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी पैदा किए हैं। स्थानीय निवासियों ने कहा कि राजधानी की अधिकांश जलापूर्ति पाइपलाइनें कई दशकों पुरानी हो चुकी हैं। समय के साथ और इनमें जंग लगने के कारण जगह-जगह रिसाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। कई इलाकों में सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन बेहद नजदीक बिछी होने के कारण दोनों में लीकेज होने पर सीवर का पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे पानी दूषित हो जाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि दूषित पानी के सेवन से जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, ऐसे में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उनका कहना है कि समस्या नई नहीं है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। नई दिल्ली। यमुनापार के कई इलाकों में पिछले करीब दो माह से पेयजल संकट गहराता जा रहा है। कहीं पानी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही तो कहीं नलों से दूषित और दुर्गंधयुक्त पानी आने की शिकायतें मिल रही हैं। हालात ये हैं कि लोगों को पीने के पानी से लेकर रोजमर्रा के घरेलू कामकाज तक के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भजनपुरा, खजूरी खास, सोनिया विहार, यमुना विहार, वेस्ट ज्योति नगर, ईस्ट विनोद नगर और घोंडा समेत कई क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि कई इलाकों में पानी का दबाव इतना कम है कि बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों तक पानी नहीं पहुंच पाता, इससे परेशानी होती है। सुबह कुछ समय के लिए पानी आता है, थोड़ी देर बाद उसका रंग और गंध बदल जाती है।

## राजनाथ सिंह के घर आधी रात तक बीजेपी-आरएसएस नेताओं ने किया मंथन, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई सूची तैयार

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई लंबी बैठक के बाद अब पार्टी संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बड़े बदलावों की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई करीब चार घंटे लंबी बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार और शिव प्रकाश शामिल रहे। यह बैठक देर रात तक चली और इसके बाद से यह माना जा रहा है कि भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कभी भी की जा सकती है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद ही अंतिम घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल की तैयारी पूरी हो चुकी है। केवल संगठन ही नहीं, बल्कि राज्यपालों की नियुक्तियों और सरकार से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बदलावों की भी संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा है कि अधिक मास की अवधि समाप्त होने के बाद अब धार्मिक दृष्टि से भी ऐसे निर्णयों में कोई बाधा नहीं रह गई है। इसलिए संगठनात्मक और प्रशासनिक बदलावों की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकती है। हम आपको बता दें कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम को लेकर पार्टी में काफी उत्सुकता है। बताया जा रहा है कि नई टीम में ग्यारह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छह राष्ट्रीय महासचिव बनाए जा सकते हैं। पार्टी नेतृत्व इस बार जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष ध्यान देने की तैयारी में है। महिला प्रतिनिधित्व को भी पहले से अधिक महत्व दिए जाने की संभावना है।

साथ ही युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार अगले वर्ष जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के नेताओं को भी संगठन में प्रमुख जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे चुनावी राज्यों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी नेताओं को नई टीम में जगह मिलने की संभावना है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार जनवरी 2020 में जेपी नड्डा के अध्यक्ष बनने के बाद से राष्ट्रीय संगठन में बहुत कम बदलाव हुए हैं। ऐसे में यह फेरबदल आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी ने हाल के दिनों में संकेत भी देने शुरू कर दिए हैं। इसी महीने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को राज्यसभा भेजा गया है। दोनों नेताओं को संगठन और चुनावी रणनीति में मजबूत माना जाता है। इनके साथ राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर और राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को भी उच्च सदन में भेजा गया है। इसे संगठन में व्यापक पुनर्संरचना की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर कुछ नेताओं के भविष्य को लेकर भी अटकलें तेज हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल का राज्यसभा कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया गया है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जार्ज कुरियन का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है और उनके स्थान पर नए चेहरों को अवसर दिए जाने की संभावना है। वरिष्ठ नेता अरुण सिंह भी नवंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, परिवार में मचा कोहराम



नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। थाना क्षेत्र के सौराहा खुर्द गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान खैरटिया शीतलापुर निवासी खेदन कुशवाहा (60) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी कार्य से जाते समय तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का इकलौता पुत्र मुंबई में मजदूरी करता है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है तथा मामले की जांच कर रही है।

# मोदी का सर्वाधिक कार्यकाल सुशासन व जनविश्वास की पहचान- सुरेंद्र कुशवाहा



पटहेरवा (कुशीनगर)।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे लंबा कार्यकाल देशवासियों के अटूट विश्वास, सुशासन और विकास की राजनीति की स्वीकृति का प्रमाण है।

विधायक ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि और निःशुल्क राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस दौरान उन्होंने कई वरिष्ठजनों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमलेश तिवारी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डाकघर राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का 9वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

कुशीनगर। डाकघर राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत के 9वें स्थापना दिवस पर पडरौना में अभिकर्ताओं ने केक काटकर, मिठाई खिलाकर उत्सव मनाया तथा मुसहर बस्ती में बच्चों को मिष्ठान एवं फल वितरित किए। इस अवसर पर जिला संरक्षक प्रेम शंकर सिंह, अर्जुन जायसवाल, संजय मारोदिया, अरुण तुलस्यान, अशोक टीबड़ेवाल सहित अनेक वक्ताओं ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पियूष सराफ, दीनबंधु गुप्ता, जयप्रकाश मद्धेशिया, मनीष यादव, सूरज जायसवाल, विवेकानंद दीक्षित, अंगद यादव, हरेंद्र वर्मा, पूनम अग्रवाल, सीमा तुलस्यान, रेखा टीबड़ेवाल सहित बड़ी संख्या में डाक अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, अधिक कीमत पर यूरिया बेचने के आरोप में किसान खाद भंडार समेत दो गोदाम सील



कुशीनगर। किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बिक्री की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जटहां बाजार (विशुनपुरा) स्थित एक उर्वरक प्रतिष्ठान एवं उससे संबंधित दो गोदामों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुल 459 बोरी यूरिया बरामद हुई, जिन्हें प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, किसानों द्वारा यूरिया की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक निबंधक एवं सहायक आयुक्त सहकारिता तथा जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने जटहां बाजार स्थित किसान खाद भंडार पर छापेमारी की। जांच के दौरान प्रतिष्ठान पर किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक, लगभग 300 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया बेचने के आरोपों की पुष्टि होने पर अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान के साथ उससे संबंधित दो गोदामों को सील कर दिया। निरीक्षण में गोदामों में कुल 459 बोरी यूरिया का स्टॉक पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से उर्वरक कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वहीं किसानों ने कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# तीन दशक पुराने अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर, 16 एकड़ सीलिंग भूमि कराई गई मुक्त



सीलिंग भूमि पर कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम

निचलौल।

तहसील क्षेत्र के ग्राम गिरहिया में लगभग तीन दशक से करीब 16 एकड़ सीलिंग की भूमि पर कुछ लोग अवैध तरीके से कब्जा किया था। ऐसे में मंगलवार को प्रशासन ने इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीलिंग भूमि पर लगे गन्ने की फसल को तीन ट्रैक्टर से जोतकर खाली कराया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच रहा। इतना ही नहीं उक्त सीलिंग भूमि पर दोबारा कब्जा करने पर अधिकारियों की ओर से अवैध कब्जाधारियों को सख्त कार्रवाई के लिए चेतावनी भी दी गई है। एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि गिरहिया ग्राम प्रधान पूनम चौधरी की ओर से डीएम को शिकायती पत्र देकर गांव की सीलिंग भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की गई थी। ऐसे में मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर भूमि को खाली कराने की कार्रवाई की है। तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने बताया कि गांव में स्थित आराजी संख्या 107 रकबा 3.411 हेक्टेयर तथा आराजी संख्या 106 रकबा 2.886 हेक्टेयर सहित कुल करीब 16 एकड़ भूमि सीलिंग की घोषित सरकारी भूमि है। इस भूमि पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध रूप से कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी। वर्तमान में उक्त भूमि पर गन्ने की फसल भी लगा रखी थी।

प्रशासन द्वारा कई बार सूचना और चेतावनी दिए जाने के बावजूद कब्जाधारियों की ओर से भूमि को खाली नहीं की गई। इसके चलते यह कार्रवाई करनी पड़ी। इन्होंने आगे कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त सीलिंग भूमि को कब्जामुक्त कराने के साथ ही संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक अंकित सिंह, हल्का लेखपाल अनिल कुशवाहा, मनीष पटेल, भारतेंदु, उत्कर्ष समेत राजस्व विभाग और पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'सरकार आपके द्वार' से जनता की समस्याओं का होगा घर बैठे समाधान- दारा चौहान



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कसानगंज ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कारागार एवं कुशीनगर प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। अब किसी पीड़ित को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि 'सरकार आपके द्वार' पहुंच चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वंदना श्रीवास्तव ने भी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 11 स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह, खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## चंचरीक जी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



हाटा (कुशीनगर)। स्थानीय श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय में प्रो. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता में स्वर्गीय त्रिलोकी त्रिपाठी चंचरीक की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सभा में वरिष्ठ साहित्यकारों एवं कवियों ने चंचरीक जी के साहित्यिक, सामाजिक एवं मानवीय योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उन्हें साहित्य जगत का मार्गदर्शक, लोकधर्मी कवि तथा अनेक साहित्यकारों का अभिभावक बताया। इस अवसर पर लियाकत अली जौहर, एडवोकेट अब्दुल हमीद आरजू, डॉ. शैलेन्द्र असीम, चंदेश्वर परवाना, डॉ. घनश्याम तिवारी, कृष्णा श्रीवास्तव सहित अनेक साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। चंचरीक जी के ज्येष्ठ पुत्र अनिल कुमार त्रिपाठी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने चंचरीक जी को संदेश संस्था का आदिपुरुष बताते हुए उनकी स्मृति में स्मृति अंक एवं पुरस्कार शुरू करने का प्रस्ताव रखा। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। संचालन सच्चिदानंद पांडेय ने किया।

## साईं भक्तों को मिलने जा रहा है नई रेल सेवा विशेष उपहार, पुणे से साईनगर शिर्डी के बीच जल्द शुरू होगी नई रेल सेवा

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पुणे-साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी**

गोरखपुर । महाराष्ट्र के रेल यात्रियों और साईं भक्तों के लिए जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पहली बार पुणे से साईनगर शिर्डी के बीच सीधी एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ होने जा रहा है। पुणे-साईनगर शिर्डी नई रेल सेवा से पुणे, अहिल्यानगर और शिर्डी क्षेत्र के लाखों यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को सीधी रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा तथा क्षेत्रीय संपर्क, धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण इस नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रेल सेवा महाराष्ट्र के प्रमुख शहरी एवं धार्मिक केंद्रों को सीधे जोड़ते हुए यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का नया विकल्प प्रदान करेगी। पुणे और साईनगर शिर्डी के बीच संचालित होने वाली यह नई रेल सेवा पुणे, श्रीगोंदा रोड, अहिल्यानगर जंक्शन, राहुरी और बेलापुर होते हुए साईनगर शिर्डी पहुंचेगी। इस रेल सेवा से पुणे और शिर्डी के बीच यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को सीधा रेल संपर्क मिलेगा जिससे श्रद्धालु अब एक ही दिन में शिर्डी दर्शन कर पुणे वापस भी आ सकेंगे। अहिल्यानगर क्षेत्र के यात्रियों को भी इस सेवा से विशेष लाभ मिलेगा। नई रेल सेवा के माध्यम से पुणे और शिर्डी दोनों दिशाओं में आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा। धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को भी बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। साईं बाबा के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को इस रेल सेवा से विशेष सुविधा मिलेगी। पुणे, अहिल्यानगर तथा आसपास के क्षेत्रों से शिर्डी तक सीधी रेल यात्रा उपलब्ध होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पुणे-साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस का शुभारंभ महाराष्ट्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह नई रेल सेवा पुणे और शिर्डी के बीच संपर्क को सशक्त बनाते हुए लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए यात्रा को अधिक सुगम बनाएगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता, विकास योजनाओं की जनपद स्तरीय रिपोर्ट जारी

देवरिया।

केंद्र सरकार के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को विकास भवन के गांधी सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विकास बैंक के पूर्व सभापति संतराज यादव ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, नीतियों और विकासपरक कार्यक्रमों का विस्तृत जनपद स्तरीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश का सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदला है, जिसका सीधा विधिक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे शोषित, वंचित और असहाय वर्ग को मिला है। यह कार्यकाल जनविश्वास और सुशासन की नीतियों को धरातल पर उतारने का रहा है।

प्रेस वार्ता में डिजिटल गवर्नेंस की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया गया कि पारदर्शी व्यवस्था और सीधे बैंक खातों में धनराशि (डीबीटी) भेजने की विधिक प्रक्रिया से देश में 4.31 लाख करोड़ रुपये



गलत हाथों में जाने से रोके गए हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण देश के लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जहां जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक खाते खोले गए और 60 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए, वहीं ग्रामीण अंचलों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान, 11 करोड़ मुफ्त गैस कनेक्शन और 16 करोड़ घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में लखपति दीदी और सुकन्या समृद्धि योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। स्थानीय विकास और उपलब्धियों की बात करें तो वर्ष 2014 से अब तक अकेले देवरिया जनपद में 7,74,334 आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाए जा चुके हैं। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5,46,509 महिला लाभार्थियों को 74.32 करोड़ रुपये की विधिक वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिक्षा विभाग के माध्यम से 10,12,329 छात्रों को डीबीटी के जरिए 117.26 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 1,07,506 और निराश्रित महिला पेंशन में 63,702 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22,448 ग्रामीण आवास और स्वच्छ भारत मिशन के तहत 4,20,695 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में 30 बेडेड ट्रॉमा सेंटर और सलेमपुर अग्निशमन केंद्र जैसी बड़ी प्रशासनिक ढांचागत परियोजनाएं जनपद के सर्वांगीण विकास को गति दे रही हैं। इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय दुबे, अबिकेश पांडेय और प्रभाकर तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**जनपद में पौने आठ लाख आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा और डीबीटी के जरिए करोड़ों का वित्तीय हस्तांतरण**

